तापमान
अधिकतम 29.0 डिग्री
न्यूनतम 17.0 डिग्री

हरिभूमि
# वनांचल भूमि

रायपुर, मंगलवार 11 नवंबर 2025

बस्तर | दंतेवाड़ा | बीजापुर | सुकमा | कांकेर | कोण्डागांव | नारायणपुर

10 विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान का कलेक्टर...



11 सुरक्षा कैम्पों से बढ़ा विश्वास, विकास की रफ्तार में ....



# किसान परेशान : मक्का का समर्थन मूल्य 2400, व्यापारी खरीद रहे 1600 रुपए में

## जल्द समर्थन मूल्य पर खरीदी सुनिश्चित करे प्रशासन वरना करेंगे आंदोलन

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

इंद्रावती नदी बचाओ संघर्ष समिति बस्तर के नेतृत्व में सोमवार को किसानों का एक प्रतिनिधिमंडल कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री तथा कृषि मंत्रियों के नाम संयुक्त कलेक्टर हीरा गावर्ना को ज्ञापन सौंपा । किसानों ने मांग की कि जिले में मक्का फसल का घोषित न्यूनतम समर्थन मूल्य 2400 प्रति क्विंटल सुनिश्चित कराया जाए ताकि किसानों को उनका हक मिल सके। पूरन सिंह कश्यप ने बताया कि केंद्र सरकार ने खरीफ विपणन सत्र 2025-26 के लिए मक्का का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2400 प्रति क्विंटल घोषित किया है लेकिन बस्तर जिले के अधिकांश क्षेत्रों में व्यापारी 1800 प्रति क्विंटल की दर से खरीदी कर रहे हैं। मंडी बोर्ड एवं कृषि विभाग की निष्क्रियता के कारण व्यापारी खुलेआम समर्थन मूल्य से कम दर पर खरीदी कर रहे हैं और प्रशासन इस पर कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं कर रहा है। अन्य मांग में पंजीकृत किसानों को 60 वर्ष की आयु में पेंशन एवं कम से कम 2 लाख की बीमा राशि दी जाए। फसल खरीदी की निगरानी हेतु जिला स्तरीय समिति गठित की जाए। जिसमें किसान प्रतिनिधियों को शामिल किया जाए।

### बड़ा आंदोलन किया जाएगा

सचिव सुभाष कश्यप ने कहा कि खाद व दवाइयों पर लगने वाले जीएसटी को तत्काल समाप्त किया जाए। सभी जर्जर डेम, सहायक नालों एवं तटबंधों की मरम्मत कराई जाए। इन मांगों पर जल्द कार्यवाही नहीं हुई तो बड़ा आंदोलन किया जाएगा। उन्होंने कहा सरकारें किसानों को सिर्फ वोट बैंक समझती हैं लेकिन जब बात उनके अधिकारों की आती है, तब कोई आगे नहीं आता। अध्यक्ष लखेश्वर कश्यप ने कहा कि प्रशासन जल्द समर्थन मूल्य पर खरीदी सुनिश्चित नहीं की तो बस्तर के किसान शांत नहीं बैठेंगे। आने वाले दिनों में जन आंदोलन छेड़ा जाएगा।



### ये रहे उपस्थित

इस दौरान हेमराज बघेल, गंगा बघेल, रमेश गोयल, अनंतु सेतिया, संतु मौर्य ,बंसी मौर्य,पुश कुमार, जयमनमौर्य, मंदरकश्यप, लक्ष्मण बघेल, मंगल कश्यप उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप



### पदोन्नति प्रक्रिया पूर्ण होने पर मनाया आभार समारोह

**जगदलपुर।** शिक्षा विभाग अंतर्गत नियमित चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी कल्याण संघ ने पदोन्नति प्रक्रिया के सफलतापूर्वक संपन्न होने पर रविवार को मुरिया सदन भवन में आभार एवं स्नेह भोज का आयोजन किया । इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी बलिराम बघेल, विभाग के वरिष्ठ अधिकारी, संघ के पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में कर्मचारी उपस्थित रहे। सभी ने इस उपलब्धि का स्वागत किया। संघ अध्यक्ष उमेश मेश्राम ने कहा कि यह सफलता संघ के सामूहिक प्रयासों और निरंतर संघर्ष का परिणाम है। खंड शिक्षा अधिकारी राजेश गुप्ता जगदलपुर, जगदीश पात्र दरभा, कैलाश चौहान, दिव्य सोनी, देवराज कश्यप, राकेश खापड़े सहित अनेक अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

### भर्ती में स्थानीय को मिले प्राथमिकता

**बकावंड।** युवा कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष हेमंत कश्यप ने राज्यपाल और मुख्यमंत्री को पत्र



लिखकर एनएमडीसी नगरनार, किरंदूल और बचेली एवं बस्तर के शासकीय कार्यालयों में तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी के पदों पर स्थानीय युवाओं की भर्ती किए जाने की मांग की है। उन्होंने कलेक्टर का यह पत्र सौंपा है। उन्होंने कहा कि स्थानीय युवक युवतियां बेरोजगारी की गंभीर समस्या से जूझ रहे हैं। यह स्थिति युवाओं के साथ अन्याय है इसे सुधारने की आवश्यकता है।

### दफ़्तर में ताला भटक रहे किसान



**बकावंड।** विकासखंड बकावंड मुख्यालय स्थित तहसील कार्यालय के अभिलेखागार में ताला लटका रहता है । जबकि कार्यालय 10 से 5 बजे तक खुला रहना चाहिए। पंचायत के किसान एवं भूमि स्वामी अपने राजस्व रिकॉर्ड संबंधी दस्तावेजों के लिए घंटों इंतजार कर आवेदन प्रस्तुत करते हैं। लेकिन दुर ग्रामों से आए ग्रामीणों को कार्यालय बंद देखकर परेशानी का सामना करना पड़ता है । ग्रामीणों ने बताया कि 4 बजे कार्यालय में अक्सर ताला लगा रहता है । इस संबंध में तहसीलदार जोगेश्वरी गावड़े से संपर्क किया गया तो उन्होंने कॉल रिसीव नहीं किया।

### भाजपा का उद्देश्य सेवा करना : कश्यप



**बकावंड।** भारतीय जनता पार्टी बकावंड मंडल में आयोजित एसआईआर प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रभारी पूर्व जनपद अध्यक्ष धनुर्जय कश्यप ने कार्यकतार्ओं को प्रशिक्षित किया। विभिन्न विषयों संगठनात्मक कार्य, प्रचार, प्रसार और सामाजिक सेवा पर प्रशिक्षण दिया गया। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं को समाज सेवा और संगठनात्मक कार्य में आगे आना चाहिए। अपने-अपने क्षेत्रों में सक्रिय रहने और पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया।

**सफलता : सायबर सेल ने सीसीटीवी फुटेज एवं मोबाइल नंबर तकनीकी विश्लेषण से किया पर्दाफाश**

# कुंदेली के अंधे कत्ल की गुत्थी सुलझी मामूली झगड़े पर पति ने की थी हत्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ दंतेवाड़ा

ग्राम कुंदेली में 2 अक्टूबर को सड़क किनारे जंगल में महिला का शव पड़े होने की सूचना मिलने पर थाना भांसी पुलिस ने घटना स्थल पहुंची। ओटेर खेत के पास मृतिका रीना रयामी का शव झाड़ियों के बीच निर्वस्त्र हालत में पड़ा पाया। पति राजेश रयामी के रिपार्ट पर शून्य में मर्ग दर्ज कर एफएसएल यूनिट को मौके पर बुलाकर उनके समक्ष घटना स्थल का निरीक्षण कर, प्रार्थी एवं गवाहों से पूछताछ कर, शव का पंचनामा किया गया। धारा 194 बीएनएसएस दर्ज कर मृतिका के शव का पीएम कराया गया। पीएम रिपोर्ट के आधार पर मर्ग जांच से किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा मृतिका का गला घोंटकर हत्या करना पाये जाने से 3 अक्टूबर को अज्ञात व्यक्ति के विरूद्ध थाना भांसी में धारा- 64(1), 103(1) बीएनएस. के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना कार्यवाही में लिया गया। पुलिस अधीक्षक गौरव राय, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उदित पुष्कर व रामकुमार बर्मन के मार्गदर्शन एवं एसडीओपी कपिल चंद्रा के नेतृत्व में थाना प्रभारी भांसी प्रहलाद कुमार साहू व स्टॉफ एवं सायबर सेल टीम ने जांच शुरू की । अज्ञात आरोपी के पतासाजी के लिये लगभग एक माह से अथक प्रयास करते हुये प्रत्येक एंगल पर विवेचना करते मृतिका से जुड़े ग्राम कुंदेली, भांसी मासापारा, बड़े कमेली, धुरली, गमावाड़ा के एक-एक ग्रामीणों से पूछताछ कर, तकनीकी विश्लेषण करते हुये यह जानकारी पुख्ता होने पर कि घटना दिन को मृतिका रीना रयामी शाम के समय तक अपने घर ग्राम कुंदेली रयामी पारा पहुंच गई थी। जिसके बाद मृतिका के पति राजेश रयामी से इस संबंध में कड़ाई से पूछताछ किये जाने पर 1 अक्टूबर को रात्रि लगभग 8 बजे घर में अपनी पत्नी से झगड़ा लड़ाई होने पर उसका गला घोंटकर हत्या करना स्वीकारा। साक्ष्य छिपाने के उद्देश्य से चाचा रमेश रयामी के साथ मिलकर शव व उसके सामान को मोटर सायकल में गांव से बाहर ओटेर खेत के पास ले जाकर फेंक दिया।

- गुमराह करने के लिए शव को निर्वस्त्र कर गांव के बाहर झाड़ियों में फेंका गया था



### रेप होना दिखाने किया निर्वस्त्र

रीना को भांसी मासापारा मन्दिर से आते समय कोई उसके साथ रेप कर उसे मार दिया गया होगा ऐसा दिखाने के लिये निर्वस्त्र कर उसके कपड़ों, थैला एवं मोबाईल को फ्लाइट मोड में कर सभी सामान को झाड़ियों के बीच फेंक देना बताया। मुख्य घटना स्थल आरोपी राजेश रयामी के घर का निरीक्षण कर घटना का रिकंस्ट्रक्शन कराकर नक्शा एवं पंचनामा तैयार किया गया।

### दोनों आरोपी गए जेल

आरोपी राजेश रयामी 27 वर्ष एवं रमेश रयामी 36 के विरुद्ध पर्याप्त साक्ष्य सबूत पाए जाने पर 9 नवंबर को गिरफ्तार किया गया । आज 10 नवंबर को न्यायालय के समक्ष पेश कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया।

### इनकी रही मुख्य भूमिका

विवेचना कार्यवाही में अनुविभागीय अधिकारी किरंदुल कपिल चंद्रा, थाना प्रभारी निरीक्षक प्रहलाद कुमार साहू, विजय राठौर, सउनि. जयमंगल श्यामले, प्र.आर. विनोद मण्डावी, नंदकुमार सिदार, आरक्षक भारती मण्डावी, राजेन्द्र ठाकुर, कन्हैया राठिया, चेतना शाहनी एवं बेलाल सिंह सायबर सेल का विशेष योगदान रहा ।

## सहकारी बैंक में हड़ताल के चलते कामकाज ठप




हरिभूमि न्यूज ⏭ बकावंड

सहकारिता कर्मचारियों की हड़ताल के चलते जिला सहकारी केंद्रीय बैंक शाखा बकावंड के ग्राहकों और किसानों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। धान कटाई एवं ढुलाई का काम चल रहा है। इस समय किसानों को अपनी जमा पूंजी बैंक से निकलना जरूरी होता है लेकिन बैंक के कर्मचारी अधिकारी एक सूत्रीय मांग को लेकर हड़ताल पर हैं। इसकी वजह से लोग बैंक से रकम नहीं निकाल पा रहे हैं। किसान धान कटाई, ढुलाई और मिंजाई की मजदूरी का भुगतान श्रमिकों को नहीं कर पा रहे हैं। 15 नवंबर से धान खरीदी शुरू होने वाली है। धान खरीदी भी सहकारी समितियों के माध्यम से होती है। किसानों को उनकी उपज का भुगतान सहकारी केंद्रीय बैंक शाखाओं से होता है। जिला सहकारी केंद्रीय बैंक प्रबंधक अनंत प्रसाद पांडे कर्मचारी प्रमोद पांडे, गीता नायक ने बताया कि कर्मचारी अधिकारी वेतन वृद्धि के लिए आंदोलनरत हैं।

- किसान राशि निकालने के लिए लगा रहे चक्कर

## 'गांव-गांव में विकास भाजपा की पहचान'

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण देव ने विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत जामावाड़ा में लाखों रुपए के विकास कार्य की सौगात दी। सोमवार को उन्होंने मंडी बोर्ड से लेम्पस परिसर में बाउंड्रीवॉल सह गेट निर्माण लागत 30.20 लाख रुपए के कार्य का लोकार्पण एवं जामावाड़ा में सीसी सड़क लागत 5.20 लाख रुपए के कार्य का भूमिपूजन किया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में हर गांव में विकास की नई पहचान बनेगी। छत्तीसगढ़ सरकार का संकल्प है कि विकास का लाभ समाज के प्रत्येक व्यक्ति एवं प्रत्येक गांव तक पहुंचे। आप सभी ग्रामवासियों के मांग के अनुरूप आपके क्षेत्र में लगातार विकास कार्य किये जायेंगे। सरकार के नेतृत्व में चरणबद्ध तरीके से लगातार विकास कार्य होंगे। विधानसभा क्षेत्र में हर गांव का विकास करना हमारी प्राथमिकता है। जनमानस को मूलभूत सुविधा देना हमारा कर्तव्य है।

- विधायक ने किया लोकार्पण व भूमिपूजन



### ये रहे उपस्थित

इस दौरान मंडल अध्यक्ष हरिप्रसाद मंडावी, सरपंच रैदू नाग, लेम्पस अध्यक्ष गडरू नाग, लखींधर बधेल, सतीश सेठिया, चंद्रकांत सेठिया, नीलाम्बर सेठिया, मनोहर सेठिया,कमल कुमारी,बालमती नागेश,राम केसरी गोयल, सुखलाल,धरमदास,सदानाग, प्रकाश नागेश,राजू पोयाम,रिशि सेठिया,मानसिंग, जनपद पंचायत सीईओ अमित भाटिया,मंडी बोर्ड के अधिकारी व ग्रामवासी उपस्थित थे।

## आदिवासी विकास विभाग के छात्रावासों में 5 माह से रुका भुगतान

**जगदलपुर।** सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग के अधीन संचालित छात्रावासों में कार्यरत कलेक्टर दर पर दैनिक वेतनभोगी कर्मचारी पिछले 5 से 6 महीनों से वेतन से वंचित हैं। वेतन न मिलने से कर्मचारियों को अपने परिवार के भरण-पोषण में गंभीर आर्थिक संकट का सामना करना पड़ रहा है। इस संबंध में जानकारी देते हुए छत्तीसगढ़ लघुवेतन शासकीय चतुर्थ वर्ग कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष अनिल यादव ने बताया कि वित्त विभाग के आदेशानुसार यह स्पष्ट है कि मजदूरी, मानदेय और पारिश्रमिक पर कार्यरत कर्मचारियों को नियमित रूप से वेतन भुगतान अनिवार्य है। इसके बावजूद सहायक आयुक्त द्वारा भुगतान लंबित रखा गया है जो अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों की आर्थिक स्थिति अत्यंत दयनीय हो चुकी है और वेतन न मिलने से उनका जीवन यापन कठिन हो गया है। संघ ने इस रवैये पर गंभीर असंतोष व्यक्त करते हुए चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र वेतन भुगतान नहीं किया गया तो संघ सहायक आयुक्त कार्यालय का घेराव करने बाध्य होगा। संघ ने कहा कर्मचारियों का वेतन उनका अधिकार है।

## डॉ हेगड़ेवार पर आधारित नाटक का मंचन 14 को

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

राष्ट्र निर्माण और सेवा के प्रणेता डॉः केशव बलिराम हेगड़ेवार के जीवन दर्शन को मंच पर जीवंत करने जा रहा है राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ। संघ की शताब्दी वर्ष की इस विशेष श्रृंखला के अंतर्गत 14 नवंबर को शहर के जगतु महारा हायर सेकंडरी स्कूल में उनके जीवन पर आधारित प्रेरक नाटक का मंचन किया जाएगा। यह नाट्ययात्रा कवर्धा से प्रारंभ होकर बस्तर में अपने अंतिम पड़ाव पर पहुंचेगी।

नगर कार्यवाहक सुबीर नंदी ने बस्तर जिला पत्रकार संघ भवन में प्रेसवार्ता में बताया कि नाटक में संघ की स्थापना, उसके उद्देश्य, संघ की कार्यशैली और राष्ट्र के प्रति योगदान को प्रभावशाली प्रस्तुति के माध्यम से दिखाया जाएगा। उन्होंने कहा संघ की स्थापना वर्ष 1925 में हुई थी और डॉ. हेगड़ेवार ने मात्र 15 वर्ष की अवधि में ऐसा बीज बोया जो आज पूरे राष्ट्र और विदेशों में भी वटवृक्ष बन चुका है। उन्होंने युवाओं से आव्हान किया कि वे इस नाटक को देखने अवश्य आएं और संघ की उस प्रेरक भावना से जुड़ें जिसने देश में राष्ट्रभक्ति की चेतना जागृत की। नाटक का प्रथम मंचन सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत की उपस्थिति में हुआ था। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष वेदप्रकाश पांडे एवं कोषाध्यक्ष रजनीश पाणिग्राही उपस्थित रहे।



### यह नाटक उन लोगों के लिए है जो संघ को जानते नहीं

*नंदी ने कहा ढाई घंटे का यह नाटक संघ की कार्यपद्धति,निष्ठा और राष्ट्र समर्पण की भावना को उजागर करता है। संघ प्रारंभ से ही एक ध्वज के नीचे राष्ट्र सर्वोपरि के मंत्र के साथ कार्य करता आया है और आगे भी करता रहेगा। बस्तर हाई स्कूल इस वर्ष अपना शताब्दी समारोह मना रहा है। इसी वर्ष राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना के 100 वर्ष पूर्ण हो रहे हैं यह संयोग बस्तर में राष्ट्रभावना के अभिनव संगम का प्रतीक बनेगा।*

**उपमुख्यमंत्री ने माओवादियों से हथियार छोड़ मुख्यधारा में लौटने की अपील की**

# बस्तर में शांति, सुरक्षा और विकास सरकार की प्राथमिकता : शर्मा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

उपमुख्यमंत्री एवं गृहमंत्री विजय शर्मा ने बीजापुर जिला कार्यालय के इन्द्रावती सभागार में बीजापुर और सुकमा जिले के जनप्रतिनिधियों, पंचायत प्रतिनिधियों, सरपंचों, समाज प्रमुखों, मांझी, चालकी, गायता, पुजारी और पटेलों से संवाद किया। उन्होंने कहा कि बस्तर को अमन चैन, शांति और सुरक्षा के साथ विकास के पथ पर अग्रसर करना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। राज्य सरकार हर हाल में बस्तर को हिंसा मुक्त करने के लिए संकल्पित है। बस्तर में शांति, सुरक्षा और विकास सरकार की प्राथमिकता है।

गृहमंत्री श्री शर्मा ने कहा कि वर्षों से बस्तर संभाग के आदिवासी अंचल विकास से वंचित रहे हैं। अब समय आ गया है कि सभी मिलकर बस्तर को शांति और प्रगति के मार्ग पर ले जाएँ। विजय शर्मा ने बताया कि प्रधानमंत्री एवं केन्द्रीय गृहमंत्री ने सशस्त्र नक्सलवाद को समाप्त करने के लिए समयसीमा तय की है। इसी दिशा में शासन की पुनर्वास नीति 2025 के अंतर्गत बड़ी संख्या में माओवादी संगठन छोड़कर मुख्यधारा में लौट रहे हैं। उन्होंने उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं ग्राम प्रमुखों से आग्रह किया कि वे भटके हुए युवाओं को समाज की मुख्यधारा में वापस लाने के लिए पहल करें। यदि समय रहते पुनर्वास नहीं किया तो सुरक्षा बल अपनी जिम्मेदारी निभाएंगे। जो लौट आएंगे, उनका लाल कालीन बिछा कर स्वागत किया जाएगा और उनके सुनहरे भविष्य के लिए सरकार संकल्पित है। गृहमंत्री ने बताया कि जगदलपुर में 210 माओवादी एक साथ हथियारों छोड़कर पुनर्वास कर चुके हैं जिनमें 92 युवा बीजापुर जिले के हैं। ये सभी पुनर्वास केंद्र में कौशल प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। उन्होंने संबंधित परिवारों से अपील की कि वे अपने पुनर्वासित परिजनों से मिलने जरूर जाएँ ताकि उन्हें भी प्रोत्साहन मिले एवं अन्य भटके हुए युवाओं को भी लौटने के लिए प्रेरित करें।




### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष जानकी कोरसा, कमिश्नर डोमन सिंह, आईजी सुंदरराज पी, कलेक्टर संबित मिश्रा, डीएफओ रंगानाथन रामाकृष्णन वाय, सीईओ जिला पंचायत नम्रता चौबे, उपनिदेशक इन्द्रावती टाइगर रिजर्व संदीप बलगा सहित जनपद अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सदस्य, सरपंच, समाज प्रमुख एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## विद्यार्थियों ने देखे एनएमडीसी डीएवी पॉलीटेक्निक कॉलेज



**गीदम।** स्वामी आत्मानंद शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बारसूर तथा हाई स्कूल बारसूर के लगभग 100 छात्र-छात्राओं ने तकनीकी शिक्षा की जानकारी हेतु स्थानीय तकनीकी संस्थान एनएमडीसी डीएवी पॉलीटेक्निक कॉलेज का शैक्षिक भ्रमण किया। विद्यार्थियों के साथ उनके शिक्षक संजीव दास नाहंत प्रोफेशनल शिक्षिका तथा प्रयोगशाला शिक्षक नागेंद्र कुमार नेताम उपस्थित रहे। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों को तकनीकी शिक्षा, विभिन्न शाखाओं, लैब की कार्यप्रणाली तथा तकनीकी क्षेत्र में उपलब्ध अवसरों से अवगत कराया गया। संस्थान के प्राचार्य डॉ. मुकेश ठाकुर ने छात्रों को संबोधित करते हुए तकनीकी शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला तथा उन्हें भविष्य में तकनीक की सहायता से राष्ट्र निर्माण में योगदान देने के लिए प्रेरित किया। छात्र-छात्राओं ने संस्थान की प्रयोगशालाओं, मशीनों, उपकरणों तथा शिक्षण सुविधाओं का निरीक्षण किया और विषय विशेषज्ञों से जानकारी प्राप्त की। शैक्षिक भ्रमण से छात्रों में तकनीकी शिक्षा के प्रति उत्साह और रुचि देखने को मिली।

# खबर संक्षेप

## जिला स्तरीय बस्तर ओलंपिक का शुभारंभ किया जाएगा 12 से

**कोण्डागांव।** बस्तर क्षेत्र के युवाओं में छिपी खेल प्रतिभाओं को पहचान और प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से जिला स्तरीय बस्तर ओलंपिक का शुभारंभ 12 नवंबर को सुबह 11 बजे से खेलो इंडिया तीरंदाजी प्रशिक्षण केंद्र, बड़ेकनेरा रोड में किया जाएगा। यह आयोजन 12 से 15 नवंबर तक चलेगा, जिसमें विभिन्न खेलों की प्रतियोगिताएं होंगी। चार दिवसीय इस आयोजन में तीरंदाजी, एथलेटिक्स, कराते, वेटलिफ्टिंग, खो–खो, रस्साकस्सी, व्हॉलीबॉल, कबड्डी, बैडमिंटन और फुटबॉल जैसी प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। खिलाड़ियों को अपने हुनर और फिटनेस दिखाने का भरपूर अवसर मिलेगा। पहले दिन 12 नवंबर को 14 से 17 वर्ष आयु वर्ग की बालिकाओं की प्रतियोगिताएं होंगी तीरंदाजी खेलो इंडिया सेंटर, कनेरा रोड एथलेटिक्स न्यू स्टेडियम, नगरपालिका कोण्डागांव खो–खो ऑडिटोरियम के पीछे मैदान व्हॉलीबॉल खेल परिसर, बड़ेकनेरा रोड कबड्डी खेल परिसर, कबड्डी मैदान बैडमिंटन नगर पालिका कोर्ट, ऑडिटोरियम के बाजू फुटबॉल पुलिस लाइन मैदान। दूसरे दिन 13 नवंबर को महिला वर्ग 17 वर्ष से अधिक के मुकाबले होंगे, जबकि तीसरे दिन 14 नवंबर को पुरुष वर्ग 17 वर्ष से अधिक के खिलाड़ी मैदान में उतरेंगे। अंतिम दिन 15 नवंबर को 14 से 17 वर्ष आयु वर्ग के बालक वर्ग की प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। वरिष्ठ खेल अधिकारी के अनुसार, प्रतियोगिताओं का उद्देश्य युवाओं में खेल भावना, अनुशासन और टीम वर्क को बढ़ावा देना है। बस्तर ओलंपिक के माध्यम से जिले के खिलाड़ियों को राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं के लिए तैयार किया जाएगा।

## दिव्यांग मनोज को दी लोन लेने की जानकारी

**धमतरी।** छत्तीसगढ़ निःशक्तजन वित्त एवं विकास निगम छग शासन समाज कल्याण विभाग रायपुर अंतर्गत 40 प्रतिशत से ऊपर दिव्यांगजनों को रोजगार एवं जीविकोपार्जन हेतु ऋण देने का प्रावधान है परंतु गांरटर के रुप में शासकीय कर्मचारी या अधिकारी को मान्यता दिया गया है जो दिव्यांगजनों के लिए टेढ़ी खीर के समान है। वनांचल क्षेत्र नगरी के खुदुरपानी निवासी दिव्यांग मनोज ध्रुव नौकरी की आशा छोड़कर व्यवसाय करने के लिए घनश्याम सिंह साहू से मिला तो उन्होंने ऋण प्रपत्र देकर संपूर्ण जानकारी उपलब्ध कराई ताकि वह स्वरोजगार स्थापित कर जीविकोपार्जन कर सके।

## सड़क दुर्घटना में बाइक चालक की मौत

**मगरलोड।** नयापारा से मगरलोड जाने वाले सड़क मार्ग में दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। बाइक चालक मगरलोड निवासी गीतराम साहू की ट्रेक्टर के पहिये में आने से दर्दनाक मौत हो गई। जानकारी के अनुसार 7 नवम्बर शुक्रवार की रात्रि करीब 7 बजे नयापारा की ओर से रेत से भरे ट्रेक्टर ग्राम भेंडरी की ओर जा रहे थे। उधर से बाइक चालक गीतराम मगरलोड की ओर आ रहे थे। ट्रेक्टर चालक ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी। बाइक चालक का सिर ट्रेक्टर के पहिये में आ गया। उसे उपचार के लिए सीएचसी नयापारा ले जाया गया, जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। करेली बड़ी पुलिस ने बताया कि नयापारा पुलिस इस मामले पर कार्रवाई कर रही है। विदित हो कि इस सड़क मार्ग में लगातार सड़क दुर्घटना से मौतें हो रही हैं।

## मतदाता पुनरीक्षण कार्य की दी जानकारी

**नगरी।** भारतीय जनता पार्टी की बैठक रविवार को बिरगुड़ी रेस्ट हाउस में हुई, जिसमें मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्य के संबंध में चर्चा की गई। बैठक में कार्यशाला प्रभारी पिंकी शिवराज ने कार्यकर्ताओं को मतदाता सूची पुनरीक्षण की प्रक्रिया एवं उसके महत्व के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक कार्यकर्ता को बूथ स्तर पर सक्रिय रहकर मतदाता सूची को अद्यतन करने में अपनी जिम्मेदारी निभानी चाहिए। जिला उपाध्यक्ष अकबर कश्यप ने संगठन की मजबूती पर जोर देते हुए कहा कि बूथ संगठन ही पार्टी की रीढ़ है और इसके सशक्तिकरण से ही आगामी चुनावों में सफलता सुनिश्चित की जा सकती है।

# विधायक ने चनाभरी में नवीन आंबा भवन का किया लोकार्पण

### बच्चों के सर्वांगीण विकास की नई पहलः टेकाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव / विश्रामपुरी

बच्चों के उज्जवल भविष्य और समग्र विकास की दिशा में एक और महत्वपूर्ण पहल के तहत केशकाल विधायक नीलकंठ टेकाम ने सोमवार को ग्राम चनाभरी ब्लॉक बड़े राजपुर में नवीन आंगनबाड़ी भवन का लोकार्पण किया। इस अवसर पर ग्रामवासियों, जनप्रतिनिधियों और महिला समूहों की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही।

कार्यक्रम के दौरान विधायक नीलकंठ टेकाम ने कहा कि बच्चों की शिक्षा, स्वास्थ्य और पोषण के क्षेत्र में निरंतर सुधार राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि "आंगनबाड़ी केंद्र न सिर्फ बच्चों के पोषण का माध्यम हैं, बल्कि यह उनके प्रारंभिक शिक्षा और सर्वांगीण विकास की नींव हैं। हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि प्रत्येक बच्चा स्वस्थ और शिक्षित होकर आगे बढ़े।" विधायक ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और पोषण सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए शासन द्वारा निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि नए भवन से बच्चों को स्वच्छ, सुरक्षित और शिक्षण के लिए उपयुक्त वातावरण प्राप्त होगा, जिससे बाल विकास कार्यक्रमों को और अधिक प्रभावी ढंग से संचालित किया जा सकेगा। इस अवसर पर महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी, स्थानीय जनप्रतिनिधि और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता उपस्थित थीं। ग्रामवासियों ने विधायक नीलकंठ टेकाम का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह भवन क्षेत्र के बच्चों के लिए एक नई उम्मीद और सुविधा लेकर आया है।



#### कार्य सुव्यवस्थित ढंग से होगा

*आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने बताया कि नए भवन के निर्माण से बच्चों के लिए पढ़ाई, खेलकूद और पोषण आहार वितरण का कार्य अधिक सुव्यवस्थित ढंग से हो सकेगा। विधायक टेकाम ने अंत में कहा कि सरकार का उद्देश्य है कि प्रत्येक गांव और हर परिवार का बच्चा स्वस्थ, शिक्षित और आत्मनिर्भर बने, यही असली विकास का संकेत है।*

### निर्देश: मतदाता सूची को अद्यतन और त्रुटिरहित बनाने कहा

# विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान का कलेक्टर ने किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

जिले में चल रहे निर्वाचक नामावली के विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान का निरीक्षण कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती नुपूर राशि पन्ना ने किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने आलबेड़ापारा पहुंचकर बीएलओ से कार्य की विस्तृत जानकारी प्राप्त की और सत्यापन कार्य को सुचारू, पारदर्शी एवं समयबद्ध रूप से पूर्ण करने के निर्देश दिए। भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली के निर्देशानुसार कार्य चल रहा है। कलेक्टर ने मौके पर पहुंचकर एक मतदाता के घर का भ्रमण किया और उनसे सीधे संवाद कर मतदाता सूची से जुड़ी जानकारी ली। उन्होंने बीएलओ द्वारा गणना पत्रक वितरण, मतदाता की जानकारी का बीएलओ एप में प्रविष्टिकरण तथा अन्य तकनीकी प्रक्रियाओं का बारीकी से अवलोकन किया।

■ नुपूर राशि पन्ना ने लिया अभियान की प्रगति का जायजा



#### वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में हुआ निरीक्षण

निरीक्षण के दौरान जिला पंचायत सीईओ अविनाश भोई, एडीएम चित्रकांत चार्ली ठाकुर, एसडीएम अजय उरांव तथा तहसीलदार मनोज रावटे उपस्थित रहे। सभी अधिकारियों को कलेक्टर ने निर्देशित किया कि पुनरीक्षण कार्य में शत–प्रतिशत घर–घर सत्यापन सुनिश्चित किया जाए ताकि कोई पात्र नागरिक मतदाता सूची से वंचित न रहे।

#### 4 दिसंबर तक चलेगा विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान

यह विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान आगामी 4 दिसंबर 2025 तक संचालित रहेगा। इस अभियान का प्रमुख उद्देश्य निर्वाचक नामावली को अद्यतन, त्रुटिरहित और सटीक बनाना है, जिससे लोकतांत्रिक प्रक्रिया में प्रत्येक पात्र नागरिक की सहभागिता सुनिश्चित हो सके।

# मंडी परिसर से 180 बोरी धान जब्त बिना दस्तावेज के किया था भंडारण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

जिले में खरीफ विपणन वर्ष 2025 के दौरान धान खरीदी प्रक्रिया पर विशेष निगरानी रखी जा रही है। धान के अवैध परिवहन और भंडारण को रोकने के लिए प्रशासन द्वारा लगातार जांच और निरीक्षण अभियान चलाया जा रहा है। कलेक्टर श्रीमती नुपूर राशि पन्ना के निर्देशानुसार आज खाद्य अधिकारी नवीन श्रीवास्तव की अध्यक्षता में डीएमओ और मंडी इंस्पेक्टर की संयुक्त टीम ने मंडी परिसर, कोण्डागांव में औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान महावीर ट्रेडर्स की दुकान में 180 बोरी धान बिना किसी वैध दस्तावेज के भंडारित पाया गया। खाद्य विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार, बिना प्रमाणपत्र के रखे गए धान की जब्ती की कार्यवाही की गई है। विभागीय अधिकारियों ने बताया कि प्रकरण दर्ज कर आगे की विधिक कार्यवाही की जा रही है। कलेक्टर श्रीमती नुपूर राशि पन्ना ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि जिले में किसी भी प्रकार का अवैध धान परिवहन या भंडारण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि निष्पक्ष और पारदर्शी धान खरीदी व्यवस्था सुनिश्चित करना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

# कोसमी में टेकाम ने किया नवीन उमा विद्यालय भवन निर्माण का भूमिपूजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव /विश्रामपुरी

ब्लॉक के ग्राम कोसमी के लोगों की वर्षो पुरानी मांग आज पूरी हुई जब केशकाल विधायक नीलकंठ टेकाम द्वारा नवीन शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय भवन का भूमिपूजन संपन्न हुआ। यह भवन क्षेत्र के सैकड़ों विद्यार्थियों के लिए शिक्षा के नए अवसर लेकर आएगा। कार्यक्रम में ग्रामवासियों, शिक्षकों और विद्यार्थियों में हर्ष और उत्साह का माहौल रहा।

■ ग्रामीणों की वर्षो पुरानी मांग हुई पूरी

ग्रामीणों ने बताया कि वर्षों से इस विद्यालय भवन की मांग की जा रही थी, जिसे विधायक नीलकंठ टेकाम जी के अथक प्रयासों से अब साकार रूप मिला है. वर्षों से प्रतीक्षित इस विद्यालय भवन के भूमिपूजन से ग्राम कोसमी के लोगों में गहरी प्रसन्नता है। ग्रामीणों ने कहा यह विधायक नीलकंठ टेकाम की जनसेवा, संवेदनशीलता और क्षेत्रीय विकास के प्रति समर्पण का प्रत्यक्ष प्रमाण है। इस अवसर पर विधायक टेकाम ने कहा कि "शिक्षा ही समाज और क्षेत्र के विकास की सबसे सशक्त आधारशिला है। ग्रामीण बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है।" विधायक ने यह भी कहा कि सरकार की प्राथमिकता है कि हर गांव में शिक्षा, सड़क और स्वास्थ्य जैसी मूलभूत सुविधाएं पहुंचे, ताकि विकास केवल शहरों तक सीमित न रहे बल्कि हर गांव में उसका प्रभाव दिखे।

#### ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम की अध्यक्षता श्रीमती रामेश्वरी नेताम सरपंच ग्राम पंचायत कोसमी ने की. वहीं विशिष्ट अतिथिः सुकमन नेताम अध्यक्ष जपं बड़ेराजपुर, नारायण नेताम उपाध्यक्ष जपं बड़ेराजपुर, अर्जुन मरकाम सदस्य जपं बड़े राजपुर, मनाराम मरकाम, रविन्द्र पाण्डे, सुश्री अनीता नेताम साथ ही ग्राम पंचायत प्रतिनिधि, पंच, गायता, पुजारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# श्रमिकों के पंजीयन के लिए मोबाइल कैंप का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

श्रम विभाग द्वारा जिले के सभी विकासखण्डों में मोबाइल कैंप के माध्यम से श्रमिकों का पंजीयन, नवीनीकरण और योजनाओं से संबंधित आवेदन प्राप्त कर उनका निराकरण किया जाएगा। इस पहल का उद्देश्य असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों को शासन की कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ना है।

पंजीयन व नवीनीकरण के लिए श्रमिकों को अपने साथ निम्न मूल दस्तावेज लाने होंगे आधार कार्ड परिवार के सभी सदस्यों का राशन कार्ड, बैंक पासबुक, मोबाइल नंबर, असंगठित कर्मकारों के लिए आय प्रमाण पत्र अनिवार्य है। 13 नवंबर फरसगांव ग्राम सिंगारपुरी, केशकाल ग्राम निराछिंदली, बड़ेराजपुर ग्राम छोटेमालगांव, 19 नवंबर को फरसगांव ग्राम गट्टीपलना, केशकाल ग्राम प्रधानचेर्रा, बड़ेराजपुर ग्राम खल्लारी, 21 नवंबर को माकड़ी ग्राम एरला, हिरापुर, इंगरा फरसगांव ग्राम पाण्डेआठगांव केशकाल ग्राम कोहकामेटा बड़ेराजपुर ग्राम गम्हरी 24 नवंबर को फरसगांव ग्राम चिचाड़ी, केशकाल ग्राम एटेकोन्हाड़ी, बड़ेराजपुर ग्राम जोड़ेकेरा 27 नवंबर कोण्डागांव ग्राम कुलझर, उमरगांव ब, सिंगनपुर, फरसगांव ग्राम पासंगी, केशकाल ग्राम माझीचेर्रा बड़ेराजपुर ग्राम बडबत्तर, 1 दिसंबर फरसगांव ग्राम बानगांव, केशकाल ग्राम जामगांव, बड़ेराजपुर ग्राम पीढ़ापाल, 4 दिसंबर कोण्डागांव जामपदर, फ़ॉरेस्ट कॉलोनी वार्ड, कोपाबेड़ा वार्ड, मरारपारा रोजगारीपारा वार्ड फरसगांव ग्राम चांदागांव केशकाल ग्राम गौरगांव, बड़ेराजपुर ग्राम तितरवण्ड में होगा।



#### श्रमिकों को योजनाओं से जोड़ने की पहल

श्रम पदाधिकारी ने बताया कि इन मोबाइल कैंपों के माध्यम से जिले के असंगठित श्रमिकों को श्रम कल्याण मंडल की योजनाओं का लाभ आसानी से उपलब्ध कराया जाएगा। साथ ही पात्र श्रमिकों का पंजीयन कर उन्हें श्रमिक सुरक्षा, शिक्षा, स्वास्थ्य और आवास संबंधी योजनाओं से जोड़ा जाएगा।

# डीए और एरियर्स को लेकर जिले के कर्मचारियों का हस्ताक्षर अभियान शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

विगत साढ़े सात वर्षों से लंबित महंगाई भत्ता डीए और उसके एरियर्स को लेकर प्रदेशभर के कर्मचारियों में नाराज़गी बढ़ती जा रही है। इसी मुद्दे को लेकर अब राज्यभर में एक मांग, एक मंच हस्ताक्षर अभियान शुरू किया गया है। इस अभियान का नेतृत्व कर रहे करण सिंह अटेरिया ने बताया कि गलत नीतियों और असमान समझौतों के कारण राज्य के करीब 5 लाख अधिकारी–कर्मचारी 4 से 5 लाख रुपये तक के डीए एरियर्स से वंचित हैं। अब कर्मचारी खुद अपने हस्ताक्षर के माध्यम से मुख्य सचिव को ज्ञापन सौंपकर न्याय की मांग करेंगे। प्रदेश के अन्य जिलों की तरह कोंडागांव जिले में भी यह हस्ताक्षर अभियान तेजी से चल रहा है। यहां अभियान का संचालन द्वारिका प्रसाद साहू के मार्गदर्शन में किया जा रहा है। कर्मचारियों ने बताया कि इस आंदोलन का उद्देश्य राजनीतिक न होकर सिर्फ कर्मचारी हितों की आवाज उठाना है।



#### अम्बिकापुर से माँ महामाया के दर्शन कर शुरू हुई यात्रा

प्रदेशस्तरीय इस अभियान की शुरुआत अम्बिकापुर में माँ महामाया मंदिर से दर्शन कर की गई। इसके बाद टीम राज्य के सभी जिलों में पहुंचकर कर्मचारियों से हस्ताक्षर करवा रही है। यह अभियान पूरे नवंबर महीने तक जारी रहेगा। इसके समापन पर सभी जिलों के हस्ताक्षरित ज्ञापन राज्य मुख्य सचिव को एक साथ सौंपे जाएंगे। कर्मचारियों का कहना है कि हम सिर्फ अपने अधिकारों की मांग कर रहे हैं।

## महिला शिक्षिका से पर्स लूटने वाला गिरफ्तार

**धमतरी।** इलाज के लिए डॉक्टर के पास जा रही एक शिक्षिका शुक्रवार को लूट का शिकार हो गई थी। अज्ञात मोटरसाइकिल सवार दो अज्ञात युवक उसका पर्स लेकर फरार हो गए थे। पुलिस ने इस मामले में तत्परता दिखाते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार हाउसिंग बोर्ड कालोनी निवासी किरण धमगाय पेशे से शिक्षिका हैं। उसने सिटी कोतवाली थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि शुक्रवार शाम लगभग 7 बजे जब वह डॉ. हीरा महावर के क्लिनिक (मकई चौक पेट्रोल पंप के सामने) इलाज कराने जा रही थीं। अठवानी गली के पास स्कूटी खड़ी करके वे पैदल क्लिनिक की ओर जा रही थी, तभी दो अज्ञात युवक तेज रफ्तार मोटरसाइकिल से आए और उनका पर्स लूटकर फरार हो गए।

### विधिक सेवा दिवस पर सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण का आयोजन

# मानसिक रोगियों की देखभाल, उपचार व्यवस्था का लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोण्डागांव श्रीमती किरण चतुर्वेदी के निर्देशानुसार, सुश्री गायत्री साय, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोण्डागांव द्वारा शांति फाउंडेशन का दौरा किया गया। इस दौरान उन्होंने मानसिक रोगियों के उपचार, देखभाल एवं पुनर्वास की स्थिति का विस्तृत निरीक्षण किया।

■ शांति फाउंडेशन में मानसिक रोगियों की स्थिति जांचने पहुंचे

निरीक्षण के दौरान सचिव ने संस्था में उपलब्ध स्वास्थ्य सुविधाओं, उपचार प्रक्रियाओं एवं रोगियों के अधिकारों की सुरक्षा का जायजा लिया। उन्होंने संस्था के देखभाल कर्मियों से बातचीत कर मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं में गुणवत्ता और मानकों का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही, संस्था परिसर की साफ–सफाई और स्वच्छ वातावरण बनाए रखने पर भी विशेष जोर दिया। विधिक सेवा दिवस के अवसर पर निःशुल्क विधिक सहायता योजनाओं और छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी उपस्थित लोगों को दी गई। सचिव ने बताया कि समाज के कमजोर वर्गो् को न्याय सुलभ कराने के लिए निःशुल्क विधिक सहायता और परामर्श सेवाएँ निरंतर प्रदान की जा रही हैं।



#### संस्था में 78 मानसिक रोगी पाए गए

निरीक्षण के समय शांति फाउंडेशन में कुल 78 मानसिक रोगी उपस्थित पाए गए, जिनमें 36 पुरुष, 39 महिलाएँ एवं 3 बच्चे शामिल थे। सचिव ने इनकी देखभाल में और सुधार के लिए संबंधित कर्मचारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए।

#### संस्था प्रमुख एवं टीम रही उपस्थित

निरीक्षण के दौरान संस्था प्रमुख श्रीमती प्रमिला नाग, पैरालीगल वॉलिंटियर अधिकारी मित्र रंजन बैध एवं रविन्द्र सिंह बघेल, साथ ही संस्था के कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# आरक्षक चालक और आरक्षक ट्रेड भर्ती परीक्षा का ट्रेड टेस्ट 17 से

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

पुलिस मुख्यालय अटल नगर, नया रायपुर के आदेशानुसार छत्तीसगढ़ पुलिस बल के आरक्षक संवर्ग चयन परीक्षा 2023–24 के तहत आरक्षक चालक एवं आरक्षक ट्रेड पदों के लिए ट्रेड टेस्ट का आयोजन किया जा रहा है।

■ अभ्यर्थियों को आवश्यक दस्तावेजों के साथ समय पर पहुंचने के निर्देश

परीक्षा 17 नवंबर, 18 नवंबर एवं 19 नवंबर को पुलिस लाइन कोंडागांव चिखलपुटी में आयोजित की जाएगी। इस दौरान अभ्यर्थियों की व्यावहारिक दक्षता ट्रेड स्किल्स का मूल्यांकन किया जाएगा। भर्ती समिति द्वारा पात्र अभ्यर्थियों को सूचित किया गया है कि वे निर्धारित तिथि एवं समय पर आवश्यक दस्तावेजों सहित उपस्थित हों। दस्तावेजों में प्रवेश पत्र, पहचान पत्र, शैक्षणिक प्रमाणपत्र, ड्राइविंग लाइसेंस चालक के लिए, श्रेणी प्रमाण पत्र आदि साथ लाना अनिवार्य होगा। भर्ती स्थल पर अभ्यर्थियों को समय से पूर्व उपस्थित होकर रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया पूर्ण करनी होगी। विलंब से आने वाले अभ्यर्थियों को परीक्षा में सम्मिलित नहीं किया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष का दंतेवाड़ा प्रवास



**गीदम।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष दीपक बैज प्रवास पर गीदम पहुंचे। इस दौरान उन्होंने प्रदेश संयुक्त महामंत्री सकील रिजवी के बड़े भाई, वरिष्ठ कांग्रेसी स्व. सकुर रिजवी के निवास पर पहुंचकर शोक संतप्त परिजनों से भेंट कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके पश्चात उन्होंने जिला कांग्रेस कमेटी महामंत्री विमल सलाम के निवास पहुंचकर उनके स्व. पिता को श्रद्धांजलि दी। बैज ने वरिष्ठ कांग्रेसी स्व. उडकूडे के निवास पर भी पहुंचकर परिजनों से मुलाकात कर अपनी संवेदनाएं व्यक्त कीं। साथ ही उन्होंने जिला कांग्रेस कमेटी उपाध्यक्ष वीरेन्द्र गुप्ता के भाई के निधन पर उनके निवास पहुंचकर शोक संतप्त परिवार से भेंट की एवं दिवंगत आत्मा की शांति के लिए श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान पूर्व विधायक दंतेवाड़ा देवती महेन्द्र कर्मा, जिला पंचायत सदस्य प्रवीण राणा, जिला कांग्रेस महामंत्री रविश सुराना, जिला सचिव रजत दहिया रजत दहिया,सेक्टर अध्यक्ष नंदू सुराना, गीदम ब्लॉक मिडिया प्रभारी ऋषभ सुराना, जोन अध्यक्ष रोशन पवार, अंरुण मंसूरे, गोलू ठाकुर, दिनेश गुप्ता, भगत नाग एवं अन्य कार्यकर्त्ता मौजूद रहे।

### बस्तर ओलंपिक का गरिमामयी शुभारंभ



**बीजापुर।** बीजापुर में बस्तर ओलंपिक का शुभारंभ बड़े ही उत्साह और गरिमामयी वातावरण में किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन पूर्व महेश गागड़ा, जिला पंचायत अध्यक्ष जानकी कोरसा, उपाध्यक्ष पेरे पुलैया, जनपद अध्यक्ष सोनू पोटाम, नगर पालिका अध्यक्ष गीता सोम पुजारी, जी. वेंकट, घासीराम नाग, सीईओ जिला पंचायत नम्रता चौबे, प्रभारी जिला खेल अधिकारी नारायण प्रसाद गवेल एवं एसडीएम जागेश्वर कौशल की उपस्थिति में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का उद्देश्य बस्तर संभाग के युवाओं को मुख्यधारा से जोड़ना, उनकी खेल एवं रचनात्मक प्रतिभा को निखारना और शासन-जनता के बीच प्रत्यक्ष संवाद स्थापित करना है। पिछले वर्ष की तरह इस वर्ष भी बस्तर ओलंपिक का आयोजन पूरे उत्साह के साथ किया जा रहा है।
इस खेल महोत्सव में एथलेटिक्स 100, 200, 400 मीटर दौड़, लम्बी कूद, ऊँची कूद, शॉटपुट, डिस्कस थ्रो, जैवलिन थ्रो, 4x100 मीटर रिले रेस, तीरंदाजी, फुटबॉल, कबड्डी, खो-खो, बैडमिंटन, कराते, वॉलीबॉल, महिला सीनियर वर्ग के लिए रस्साकशी, तथा जिला स्तर पर हॉकी और वेटलिफ्टिंग की प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही हैं। बस्तर ओलंपिक के तहत विकासखंड स्तरीय प्रतियोगिताएं 10 से 11 नवंबर तक आयोजित की जा रही हैं। खिलाड़ियों के ठहरने, भोजन और अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं हेतु विभिन्न विभागों की ड्यूटी लगाई गई है। इस अवसर पर जिला सदस्य मैथियस कुजूर, सतीश एंड्रिक, जनपद उपाध्यक्ष दिनेश पुजारी, जनपद सदस्य बोधि ताती, अनिल नक्का, विभिन्न ग्राम पंचायतों के सरपंच, नगर पालिका बीजापुर के पार्षदगण, सीईओ जनपद पंचायत पीआर साहू, कल्पना रथ, नागेश निषाद, दीपक कोंड्रा, राजेश मिश्रा, मेघराज वट्टी, गौरव सोनकिया, विष्णु दुर्गम, विभिन्न स्कूलों के शिक्षक, पीटीआई, कोच और ग्राम सचिव उपस्थित रहे।

### उपमुख्यमंत्री ने नक्सल उन्मूलन एवं विकास कार्यों की समीक्षा की

# सुरक्षा कैम्पों से बढ़ा विश्वास, विकास की रफ्तार में आई गजब की तेजी : शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर



उपमुख्यमंत्री एवं गृहमंत्री विजय शर्मा ने अपने बीजापुर जिले के दो दिवसीय प्रवास के दौरान आज इन्द्रावती सभाकक्ष में नक्सल उन्मूलन एवं अंदरूनी क्षेत्रों में विकास कार्यों की समीक्षा बैठक ली। इस बैठक में उन्होंने नक्सल उन्मूलन की गतिविधियों, नवस्थापित सुरक्षा कैम्पों की स्थिति उनके संचालन से आए सकारात्मक सामाजिक बदलावों तथा उन क्षेत्रों में चल रहे विकास कार्यों की प्रगति की जानकारी ली।

- **सुरक्षा कैम्पों से बदली स्थिति, स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार पर दिया बल**

उपमुख्यमंत्री ने स्वास्थ्य, शिक्षा, आंगनबाड़ी, सड़क, बिजली, पेयजल और संचार सुविधाओं से जुड़े विकास कार्यों की भी समीक्षा की। कलेक्टर संबित मिश्रा ने बताया कि सुरक्षा कैम्पों की स्थापना के बाद 166 गांव अब नियद नेल्लानार योजना में शामिल किए गए हैं जिसके तहत सभी बुनियादी सुविधाएं और शासन की योजनाएं पहुंचाने का कार्य योजनाबद्ध तरीके से किया जा रहा है। बैठक में पुलिस अधीक्षक डॉ. जितेन्द्र यादव ने पिछले दो वर्षों में नक्सली गतिविधियों में आई कमी, पुनर्वासन करने वाले युवाओं की संख्या, गिरफ्तारियाँ, आईईडी बरामदगी तथा हथियारों की जब्ती से संबंधित विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सुरक्षा कैम्पों की स्थापना के बाद दूरस्थ इलाकों में प्रशासनिक पहुंच बढ़ी है और आम जनता में सुरक्षा के प्रति विश्वास मजबूत हुआ है।

विजय शर्मा ने भैरमगढ़ ब्लॉक के नदी पार सात गांवों में आयोजित मेगा हेल्थ कैंप की सराहना की और कहा कि स्वास्थ्य सुविधाओं को और व्यापक स्तर पर पहुंचाने की दिशा में नई योजनाएं तैयार की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि इन्द्रावती नदी किनारे बसे पंचायतों में आवागमन को सुगम बनाने के लिए मोटर बोट की उपलब्धता सुनिश्चित की जाएगी। साथ ही प्रत्येक गांव में आशा एवं मितानिन कार्यकर्ता की नियुक्ति शीघ्र करने के निर्देश दिए।

**वनाधिकार एवं योजनाओं के क्रियान्वयन पर विशेष जोर**

उपमुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि नियद नेल्लानार योजना के अंतर्गत चिन्हांकित सभी गांवों में शासन की महत्वाकांक्षी योजनाओं का क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि वनाधिकार पत्र प्रत्येक पात्र हितग्राही को जल्द प्रदान किए जाएं। इसके लिए पूर्व में स्थापित सुरक्षा कैम्पों वाले सभी गांवों में नोडल अधिकारी की नियुक्ति कर वितरण सुनिश्चित करने को कहा।

**महिला समूहों को आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में पहल**

विजय शर्मा ने कहा कि महिला स्व.सहायता समूहों को आर्थिक रूप से सशक्त करने के लिए लघु वनोपज के संग्रहण, प्रसंस्करण एवं वैल्यू एडिशन पर ठोस कार्ययोजना बनाई जाए। उन्होंने महुआ, टोरा, इमली, चिरौंजी जैसी स्थानीय वनोपजों का वैज्ञानिक संग्रहण एवं प्रसंस्करण कर वैल्यू एडिशन आधारित आयवृद्धि मॉडल लागू करने के निर्देश दिए।

**ये रहे उपस्थित**

इस बैठक में बस्तर संभाग आयुक्त डोमन सिंह, आईजी सुंदरराज पी, कलेक्टर संबित मिश्रा, पुलिस अधीक्षक डॉ जितेन्द्र यादव, डीएफओ रंगानाथा रामाकृष्णा वाय, सीईओ जिला पंचायत नम्रता चौबे, उपनिदेशक इन्द्रावती टाइगर रिजर्व संदीप बलगा सहित जिले के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

# बोटीपारा आज भी विकास की रोशनी को मोहताज



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बचेली





बचेली के वार्ड क्रमांक एक बोटी पारा में आज भी विकास की रोशनी नहीं पहुंची है। पारा में न तो जल निस्तारण के लिए नाली बनी है,न अच्छी सड़क है और न ही पेयजल की उचित व्यवस्था, बिजली की व्यवस्था भी अक्सर बाधित रहती है।

वार्ड के महिलाओं का कहना है, रात में अँधेरे के कारण घर से बाहर निकलना मुश्किल होता है। शहर के बीचों बीच स्थित वार्ड में स्ट्रीट लाइट की सुबिधा तक नहीं है। वार्ड में घुसने के लिए जो सड़क बनी है संकरी है और सड़क के बीचों बीच बिजली का खम्बा लगा हुआ है। जिससे किसी बीमारी की अवस्था या प्रसव के समय किसी चारपहिया वाहन या एम्बुलेंस के वार्ड में घुसने का कोई वैकल्पिक मार्ग नहीं है। जिससे वार्ड वासियों को विशेषकर महिलाओं को कई तरह के समस्याओं का सामना करना पड़ता है। नल के द्वारा छोड़ा गया पानी वार्ड में नहीं आता है, एक हैंड पंप तक नहीं है, जिससे निस्तारी का का कार्य किया जा सके। हालत यह है की वर्षो पुराने बिजली के खम्बे झुक गये है, जिससे हाई टेंशन वायर घरो के ऊपर झूलकर किसी अकस्मात दुर्घटना को जन्म दे सकती है।

नगरपालिका के सीएमओ ने इंजीनियर संतोष कुमार नेगी को वार्ड में भेजकर समस्या के समाधान की बात कही।

# ग्रामीणों का खेल प्रेम एकता की मिसाल है : विधायक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| घाटलोहंगा



ग्राम पंचायत छोटे देवड़ा में आयोजित 25वां वर्ष रजत जयंती टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन समारोह अत्यंत उत्साह के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर बस्तर विधायक लखेश्वर बघेल मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उनके आगमन पर ग्रामवासियों एवं खिलाड़ियों द्वारा जोरदार स्वागत किया गया।

बघेल ने वर्ष 2000 से क्रिकेट प्रतियोगिता की शुरुआत कराने वाले तत्कालीन वरिष्ठ खिलाड़ियों का सम्मान किया। उन्हें श्रीफल एवं साल ओढ़ाकर सम्मानित किया और उनके योगदान को खेल विकास का आधार बताया। सम्मानित खिलाड़ियों में प्रमुख रूप से लखेराम बघेल, पांचकोड़ी भारती, ऋषिकेश परगनिया, सुबर्धन झाली, शंभू भारती, गणेश नाग, दयमन कश्यप, बंटू कश्यप, समारोह कश्यप, मोगरा झाली, जय सिंह बघेल, अनंत भारती, साहुल बघेल, फूल सिंह भारती, पदम भारती, कुलेश लाल साहू, सुंदरलाल भारती, लक्ष्मीनाथ कश्यप, रामचंद्र चंदेल, सुदर्शन यादव सहित अन्य वरिष्ठ खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। विधायक ने कहा कि छोटे देवड़ा के युवाओं ने वर्ष 2000 में जब क्रिकेट प्रतियोगिता की शुरुआत की थी तब मैं जिला पंचायत अध्यक्ष के रूप में इस आयोजन में शामिल हुआ था। आज 25 वर्ष बाद भी यह परंपरा निरंतर जारी है, जो गांव के खेल प्रेम और एकता की मिसाल है मैं इस आयोजन का हिस्सा बनकर स्वयं को गौरवान्वित महसूस करता हूं। पंचायत स्तरीय और विभागीय क्रिकेट प्रतियोगिता के रोमांचक मुकाबले बिजली विभाग और शिक्षा विभाग के मध्य खेला गया टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए बिजली विभाग की टीम मात्र 59 रन पर आलआउट हो गई लक्ष्य का पीछा करने उतरी शिक्षा विभाग की टीम ने प्रारंभिक तीन विकेट जल्दी गंवाने के बावजूद आला और देवेंद्र की शानदार साझेदारी के दम पर मैच अपने नाम कर लिया।

पंचायत स्तरीय फाइनल मुकाबला कस्तूरी और कुरुसपाल के बीच खेला गया टॉस जीतकर कुरुसपाल ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 12 ओवर में 84 रन बनाए लक्ष्य का पीछा करते हुए कस्तूरी की टीम ने शुरुआती अच्छी शुरुआत की, लेकिन मध्यक्रम में विकेटों के गिरने से मैच रोमांचक हो गया अंतिम ओवर में 8 रन की जरूरत थी।

# माताएं, बहनें नहीं रहेंगी धूप और बारिश में : गोयल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दरभा





दरभा ब्लॉक के ग्राम पंचायत गुमड़पाल में आज एक ऐतिहासिक कदम उठाया गया। यहां 30 लाख रुपए की लागत से बनने वाले महतारी सदन भवन का भूमिपूजन एवं शिलान्यास कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे चित्रकोट विधानसभा के विधायक विनायक गोयल ने भूमिपूजन कर कार्य का शुभारंभ किया।

- **गुमड़पाल में 30 लाख रुपए की लागत से महतारी सदन भवन का भूमिपूजन**

विधायक विनायक गोयल ने इस अवसर पर ग्रामवासियों को संबोधित करते हुए कहा कि अब हमारी माताएं और बहनें धूप में या पेड़ के नीचे बैठने के लिए मजबूर नहीं रहेंगी। सरकार महिलाओं के सम्मान और सशक्तिकरण के लिए निरंतर कार्य कर रही है। महतारी सदन के निर्माण से ग्राम की महिलाएं सामाजिक, सांस्कृतिक और शासकीय गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी निभा सकेंगी।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की मंशा है कि हर ग्राम पंचायत में महिलाओं के लिए एक सुरक्षित और सुसज्जित स्थान हो जहां वे आत्मनिर्भरता और सामुदायिक विकास से जुड़ी योजनाओं पर चर्चा कर सकें। महतारी सदन न केवल एक भवन होगा बल्कि यह महिला सशक्तिकरण का प्रतीक बनेगा। विधायक ने आगे कहा कि चित्रकोट विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों की गति निरंतर तेज हो रही है। हर गांव में बुनियादी सुविधाएं पहुंचाना हमारा लक्ष्य है। महतारी सदन जैसी योजनाएं ग्रामीण समाज के सामाजिक ताने-बाने को मजबूत करेंगी और महिलाओं को आत्मविश्वास से आगे बढ़ने की प्रेरणा देंगी।

अवसर पर जनपद अध्यक्ष मानकदेई कश्यप , उपाध्यक्ष हरी प्रसाद कश्यप पीडी, जनपद सदस्य कमलु कवासी, भाजपा जिला उपाध्यक्ष संतोष बघेल , मण्डल अध्यक्ष देवीप्रसाद वेंजाम , पूर्व मण्डल अध्यक्ष फुल सिंह सेठिया , अरूण नेताम , धर्मेंद्र ठाकुर, नकुल ठाकुर, दिनेश पाण्डेय, लखीराम यादव, बामन बघेल, सन्नु पोडियामी, दनमती नाग, पण्डरू मरकाम, भीम सिंह नाग, शंकर कश्यप, लखमु कश्यप, पतीराम, मनीराम, कलु नाग, तुलसी, जगत पुजारी, पत्रकार मुन्नु सिंह, एवं अन्य पंचायत के पदाधिकारी, सरपंच प्रतिनिधि, पंचायत सचिव, महिला स्व-सहायता समूह की सदस्याएं एवं बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

### वन मंत्री सिविल अस्पताल की जीवनदीप समिति की बैठक में हुए शामिल

# स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार की हो रही पहल : केदार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बस्तर




बस्तर ब्लॉक के सिविल अस्पताल भानपुरी में वन मंत्री केदार कश्यप की अध्यक्षता में जीवनदीप समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई।

बैठक में अस्पताल की स्वास्थ्य सेवाओं को उन्नत बनाने और मरीज केंद्रित सुविधाओं को बढ़ाने पर विस्तृत और सकारात्मक चर्चा की गई। बैठक में अस्पताल के मूलभूत ढांचे और मरीजों की सुविधाओं से संबंधित निम्नलिखित प्रमुख बिंदुओं पर गहन चर्चा की गई और निर्णय लिए गए।

सोनोग्राफी मशीन एवं कार्डियो टोपोग्राफिक मशीन की आवश्यकता पर चर्चा हुई। लेबोरेटरी रिएजेंट्स, एक्स-रे फिल्म क्रय करने और उनके शुल्क निर्धारण पर विचार-विमर्श किया गया। अस्पताल के विद्युतीकरण की मरम्मत, पोस्टमार्टम कक्ष की मरम्मत, और मरीज वार्ड में बंद पड़े ए.सी. की मरम्मत को शीघ्र कराने पर सहमति बनी। स्वच्छ पेयजल हेतु वाटर कूलर और फिल्टर की व्यवस्था सुनिश्चित करने पर बल दिया गया। मरीजों हेतु विभिन्न लघु उपकरणों की खरीदी। मरीजों के मनोरंजन एवं ज्ञानवर्धक जानकारी हेतु वार्डों, प्रतीक्षा हॉल में टेलीविजन, डिजिटल इनफॉरमेशन टीवी की व्यवस्था। स्वच्छता के लिए इलेक्ट्रिक पोंछा मशीन और मरीजों के कपड़ों की धुलाई हेतु धोबी की व्यवस्था, महिलाओं हेतु इलेक्ट्रॉनिक सेनेटरी पैड डिस्पेंसर मशीन की आवश्यकता के संबंध में मांग रखी गई।

ऑनलाइन एंट्री और प्रशासनिक कार्यों हेतु लैपटॉप की व्यवस्था। कर्मचारी हेतु ड्रेस कोड यूनिफॉर्म, ओवरकोट और स्वेटर की व्यवस्था।

समिति ने निर्णय लिया कि उपरोक्त आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए तीन-स्तरीय वित्त पोषण किया जाएगा। कुछ आवश्यक सामग्री, उपकरण विभागीय स्तर पर सीधे सप्लाई किए जाएंगे। कुछ सामग्री की खरीदी जीवनदीप समिति के माध्यम से क्रय की जाएगी। कुछ कार्य मद और अन्य जनपद पंचायत मद के माध्यम से वहन किए जाएंगे।

बैठक के दौरान भानपुरी स्थित पोषण पुनर्वास केंद्र के संचालन में आ रही कठिनाइयों को भी अवगत कराया गया। इस संबंध में, मंत्री केदार कश्यप ने केंद्र के सुचारू संचालन हेतु वित्त व्यवस्था करने का आश्वासन प्रदान किया। बैठक का संपूर्ण एजेंडा सकारात्मक रहा और स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार की दिशा में यह बैठक मील का पत्थर साबित होगी।

इस दौरान संतोष बघेल, अध्यक्ष जनपद पंचायत बस्तर, निर्देश दीवान, जिला पंचायत सदस्य व सदस्य जीवनदीप समिति भानपुरी, भूषण प्रसाद गुप्ता सदस्य जीवनदीप समिति भानपुरी, रामप्रसाद मौर्य सदस्य जीवनदीप समिति भानपुरी, भानुप्रताप चुरेंद्र सीईओ,एसडीओपी पुलिस प्रवीण भारती, तहसीलदार भानपुरी जिवेश शोरी,खण्ड चिकित्सा अधिकारी नारायण सिंह नाग, विकासखण्ड कार्यक्रम प्रबंधक राजेन्द्र कुमार बघेल, लेखा प्रबंधक भूपेन्द्र सिन्हा, शोभा कांबले, भुवनेश्वर नाइक सहित विभागीय अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

# स्कूली छात्राओं को मिली साइकिलें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम



शिक्षा प्रोत्साहन अंतर्गत छत्तीसगढ़ शासन के द्वारा सरस्वती साइकिल योजना चलाई जा रही है इसके तहत निःशुल्क साइकिल वितरण कार्यक्रम गीदम विकासखंड के एजुकेशन सिटी जावंगा स्थित कन्या शिक्षा परिसर में आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक चैतराम अटामी, कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला पंचायत अध्यक्ष नंदलाल मुड़ामी, शकुंतला भास्कर अध्यक्ष जनपद पंचायत गीदम, दिनेश कौशल उपाध्यक्ष जनपद पंचायत गीदम, बोमडा राम कोवासी सरपंच ग्राम पंचायत जावंगा, रजनीश सुराना अध्यक्ष नगर पंचायत गीदम, श्याम सिंह ठाकुर अध्यक्ष एसएमडीसी, पवन कर्मा जनपद सदस्य गीदम अन्य जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कक्षा 9वीं की कुल 61 छात्राओं को निःशुल्क साइकिल वितरित की गई। इस योजना का उद्देश्य छात्राओं को विद्यालय आने-जाने में सुविधा प्रदान करना तथा उन्हें शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित करना है। मुख्य अतिथि चैतराम अटामी ने कहा कि बालिकाओं की शिक्षा समाज की सशक्त नींव है, अतः राज्य सरकार प्रत्येक बालिका तक शिक्षा का अवसर पहुँचाने हेतु सतत प्रयासरत है। कार्यक्रम का संचालन जावंगा संकुल समन्वयक नितिन विश्वकर्मा ने किया।

शासकीय कन्या शिक्षा परिसर जावंगा के प्राचार्य राजेन्द्र श्रीवास्तव ने सभी अतिथियों एवं जनप्रतिनिधियों के प्रति आभार व्यक्त किया। इस कार्यक्रम में खंड शिक्षा अधिकारी गीदम भवानी पुनेम, खंड स्रोत समन्वयक जितेंद्र सिंह चौहान, अधीक्षिका शर्मिला कड़ती, शिक्षिका सीमा सिंह चौहान, रविन्द्र झा एवं अन्य शिक्षा शिक्षिका उपस्थित रहे। अतिथियों एवं अधिकारियों ने छात्राओं को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी।

# खम्हरिया में इमली पेड़ पर चढ़ा भालू, मचा हड़कंप

**सांकरा।** नगरी ब्लॉक के ग्राम खम्हरिया में शनिवार की सुबह उस समय अफरा-तफरी मच गई जब एक भालू घर की बाड़ी में लगे इमली पेड़ पर चढ़ गया। ग्रामीणों ने बताया कि सुबह मॉर्निंग वॉक पर गए थे तो मल्हारी साइड से दो भालू आ रहे थे जिसमें से एक भालू मुन्ना ध्रुव घर की बाड़ी में लगे इमली पेड़ पर चढ़ गया और दूसरा भालू कहीं जाकर छिप गया। ग्रामीणों ने भालू को देखा और इसकी सूचना सरपंच को दी। सरपंच ने



घटना की जानकारी वन विभाग को दी। सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और भालू को सुरक्षित नीचे उतारने के प्रयास शुरू कर दिए।




**शपथ पत्र**

मैं मोन्टू राम लेकाल पिता स्व. जगन्नाथ लेकाल आयु 69 वर्ष निवासी वार्ड क्रमांक 05 नगर पंचायत बस्तर, जिला बस्तर का हूं जो कि शपथ पूर्वक निम्न प्रक्थन करता हूं कि :-

1. यह कि मेरे आधार कार्ड क्रमांक 6155 4388 3886 मे मेरा नाम मोन्टू राम लेकाल है जो कि सही है किंतु मेरे बैंक पासबुक एवम अन्य दस्तावेज में मेरा नाम मिठठू राम अग्रवानी दर्ज है जिसे सुधार कर आधार कार्ड के आधार पर सही नाम मोन्टू राम लेकाल करने हेतु यह शपथ पत्र प्रस्तुत है।

शपथकर्ता

**सत्यापन**

मैं उपरोक्त शपथकर्ता सत्यापन करता हूं कि कंडिका 1 में दी गई जानकारी सत्य एवं सही है आज दिनांक 07/11/2025 को स्थान जगदलपुर में अपना हस्ताक्षर कर सत्यापित किया।

शपथकर्ता

**समक्ष श्रीमान अनुविभागीय दण्डाधिकारी बड़े बचेली, जिला दन्तेवाड़ा छ.ग.**

**:: शपथ पत्र ::**

मैं अजय नाग पिता बलराम नाग उम्र 32 वर्ष, निवासी गढ़पदर कुआकोण्डा, तहसील कुआकोण्डा, जिला दक्षिण बस्तर दन्तेवाड़ा छ.ग. की निम्नलिखित कथन करता हूँ कि :-

1. यह कि मेरी पुत्री के नाम से जारी आधार कार्ड क्रमांक 6823 3730 5840 में मेरी पुत्री का नाम आगमोल कुमारी नाग पिता अजय नाग (AGMOL KUMARI NAG D/O AJAY NAG) अंकित है, जो कि गलत एवं त्रुटिपूर्ण है।
2. यह कि मेरी पुत्री का वास्तविक व सहीं नाम अनमोल नाग पिता अजय नाग (ANMOL NAG D/O AJAY NAG) अंकित है, जो कि सत्य एवं सहीं है जो कि मेरे पुत्री के जन्म प्रमाण पत्र में दर्ज नाम से प्रमाणित है।
3. यह कि मेरी पुत्री के उक्त आधार कार्ड में अंकित त्रुटिपूर्ण नाम आगमोल कुमारी नाग पिता अजय नाग (AGMOL KUMARI NAG D/O AJAY NAG) के स्थान पर वास्तविक एवं सहीं नाम अनमोल नाग पिता अजय नाग (ANMOL NAG D/O AJAY NAG) अंकित किया जावें।
4. यह कि उक्त शपथ पत्र में मेरी पुत्री का नाम आधार कार्ड में नाम सुधार करने के समर्थन में प्रस्तुत कर रहा हूँ।

शपथकर्ता

**सत्यापन**

मैं उपरोक्त शपथकर्ता सत्यनिष्ठापूर्वक यह सत्यापित करता हूँ कि शपथपत्र की कंडिका 01 से 04 की कथन मेरे स्वतः के ज्ञान एवं विवेक विश्वास के अनुसार सत्य एवं सही है आज दिनांक 15/10/2025 स्थान दन्तेवाड़ा में उपस्थित होकर हस्तारक्षरित किया है।

अजय
सत्यापनकर्ता

## खबर संक्षेप

### 25 साल में धान का समर्थन मूल्य 6 गुना बढ़ा

**जगदलपुर।** वर्ष 2000 में मोटे धान का समर्थन मूल्य 510 रुपये प्रति क्विंटल था अब 3,100 रुपये प्रति क्विंटल तक पहुंच चुका है। इसी प्रकार ग्रेड-ए धान का मूल्य 540 रुपये से बढ़कर 3,100 रुपये हो गया है। छह गुना से अधिक वृद्धि है जिसने किसानों की आर्थिक स्थिति को सशक्त बना दिया है। आज बस्तर के किसान केवल गुजारा नहीं कर रहे बल्कि अपने परिवार, बच्चों की पढ़ाई और सामाजिक जीवन में भी आत्मनिर्भरता का परिचय दे रहे हैं।
चोन्दीमेटवाड़ा के किसान गुड्डू पोयाम कहते हैं अब हम सिर्फ जीवनयापन नहीं करते बल्कि भविष्य की योजनाएं बनाते हैं।
उप संचालक कृषि राजीव श्रीवास्तव ने कहा कि बस्तर में कृषि की तस्वीर बदली है। उसका श्रेय किसानों की मेहनत, आधुनिक तकनीक, सिंचाई के विस्तार और कृषि प्रशिक्षण कार्यक्रमों को जाता है। उच्च गुणवत्ता वाले बीजों ने न केवल उत्पादन बढ़ाया बल्कि रोग प्रतिरोधी फसलों की खेती को भी बल दिया है। उन्होंने कहा कि विभाग का अगला लक्ष्य मिलेट्स, दलहन, तिलहन और जैविक खेती को बढ़ावा देकर बस्तर को हरित क्रांति का प्रतीक बनाना है।

### मांग जायज, जल्द पूरी करे सरकार : मौर्य



**जगदलपुर।** शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुशील मौर्य ने छत्तीसगढ़ सहकारी समिति कर्मचारी महासंघ के मंडी प्रांगण में अनिश्चित कालीन आंदोलन को समर्थन दिया। मौर्य ने कहा मांग जायज है सहकारी समितियां किसानों की सेवा में लगातार कार्यरत हैं । लेकिन धान परिवहन में विलंब और मार्कफेड की पेनाल्टी नीति के कारण समितियों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ता है। इसके चलते कर्मचारियों को महीनों तक वेतन नहीं मिल पाता है जो कि बेहद गंभीर विषय है। कर्मचारी संघ की लंबित इन मांगों को सरकार को पूर्ण करना चाहिए। इस दौरान नेता प्रतिपक्ष राजेश चौधरी, ब्लॉक अध्यक्ष संतोष सेठिया,पार्षद शुभम यदू, दयाराम कश्यप, नीतीश शर्मा मौजूद रहे।

# माता हिंगलाजिन की डोली का गांव में भ्रमण, सैकड़ों श्रद्धालु हुए शामिल

**बजावंड में रियासतकाल से परम्परा का हर वर्ष होता है निर्वहन**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बकावण्ड विकासखण्ड के बजावण्ड में हर साल की तरह इस वर्ष भी माता हिंगलाजिन की डोली को गांव में भ्रमण कर सभी के सुख समृद्धि की कामना की गई। पुजारी ने बताया कि रियासतकालीन यह परम्परा सैकड़ों वर्षों से निभाई जा रही है। प्रति वर्ष की तरह इस साल भी दर्जनों पुजारी व सेवादार ग्रामीणों के साथ देवी के स्नान उपरांत डोली को गांव के तालाब से देवगुड़ी तक प्राचीन वाद्ययंत्रों व मोहरीबाजा की धून के साथ भ्रमण कराया गया।

धार्मिक निष्ठा और श्रद्धा के साथ इस पावन पर्व को मनाने की पीढ़ियों पुरानी परंपरा को जीवित रखा गया है। गांव के पुजारी परिवार के प्रेमसिंह पुजारी ने बताया कि उनके पूर्वजों के जमाने से ही प्रति वर्ष इस अवसर पर स्नान दीपदान के साथ-साथ कुलदेवी मां हिंगलाजिन की डोली को पूरे गांव का भ्रमण कराया जाता रहा है। इस दौरान मां हिंगलाजिन की पूजा अर्चना कर सुख समृद्धि की कामना की जाती है। सूर्योदय से पहले ही ग्राम के तालाब में घर की महिलाएं बच्चे तथा पुरुष सुबह के धुंधलके में ही स्नान कर तालाब के तट पर ही बनाए गए तुलसी चौराहे में दीप प्रज्वलित कर एवं पूजा अर्चना करके केले के पत्तों के दोनों में दीप जलाकर तालाब में प्रवाहित करते हैं तत्पश्चात घर वापस आकर मां हिंगलाजिन की देवगुड़ी में पूजा अर्चना कर पूरे विधि विधान से माई की डोली को ग्राम भ्रमण के लिए निकाली जाती है। इस अवसर पर घर-घर की बहू बेटियां डोली की अगवानी में सिर पर जल पुरित कलश रखकर डोली की अगवानी करते हुए साथ-साथ चलते हैं। फिर मोहरी वादकों और ढोल नगाड़ों, घंटियां, वाद्य यंत्रों के साथ माई की डोली ग्राम गलियों का भ्रमण करती है। ग्राम के चौक चौराहों में श्रद्धालु ग्रामीण जन भी अपने-अपने घर के सामने माई की डोली का श्रद्धा भाव से पूजा अर्चना करते हैं।



### मां हिंगलाजिन की डोली अटूट आस्था का प्रतीक

पुजारी प्रेमसिंह ने बताया कि मां हिंगलाजिन जी की डोली स्थानीय ग्रामीण जनों की अटूट आस्था का प्रतिक है। मान्यतानुसार मां हिंगलाजिन साक्षात स्वरूपा डोली में विराजमान रहती है। और डोली उठाने वाले सेवादार युवक इस समय पूरी तरह अवचेतन अवस्था में रहते हैं। और किसी प्रकार की अलौकिक शक्ति ही उन्हें चलायमान मान करती है। आदिवासी समाज में यह इसलिए भी महत्वपूर्ण हो जाता है कि कार्तिक स्नान परंपरा का पीढ़ी दर पीढ़ी निभाई जाना इस बात का प्रतीक है कि आने वाली पीढ़ी को हमारे आदिम अनुष्ठानों का महत्व ज्ञात रहे उन्होंने कहा कि हमें नहीं भूलना चाहिए कि पुरातन संस्कृति का अनवरत अनुकरण ही आदिम संस्कृति को जीवंत बनाए रखता है।

## बस्तर हित के मुद्दों को लेकर जनता कांग्रेस ने दिया धरना

# बस्तर में अन्याय बर्दाश्त नहीं : जोगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर हित एवं विकास के लिए 30 सूत्रीय मांगों को लेकर आज जनता कांग्रेस एवं बस्तर अधिकार मुक्ति मोर्चा ने संयुक्त रूप से धरना देकर आवाज बुलंद की। इस अवसर पर जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ जे के

- बस्तर के दुरस्थ क्षेत्र से पहुंचें कार्यकर्ता और ग्रामीण

प्रदेश अध्यक्ष अमित जोगी ने कहा बस्तर विकास के लिए लड़ाई लड़ते रहेंगे अन्याय बर्दाश्त नहीं करेंगे । धरना के पश्चात मांगों को लेकर प्रशासन को ज्ञापन सौंपा । इस मौके पर संभाग अध्यक्ष एवं मुक्ति मोर्चा के प्रमुख संयोजक नवनीत चांद ने कहा कि बस्तर हित की अनदेखी महंगा पड़ेगा ।

प्रमुख मांगों में बस्तर के खनिज संपदा पर उद्योगपति को उत्खनन का लीज, स्थानीय स्तर पर रोजगार स्वरोजगार के 100 प्रतिशत आरक्षण के नियम को जोड़कर स्वीकृत किया जाए,

भारतीय संविधान का आर्टिकल 25 पूरी तरह से बस्तर में बहाल किया जाए, धर्म या जाति के आधार पर घृणा या अपराध पर कड़ी कार्यवाही की जाए, एनएमडीसी स्टील प्लांट के मुख्यालय में महीने में कम से कम 10 दिन डायरेक्टर बस्तर में स्थापित ऑफिस में अनिवार्य रूप से अपनी सेवा दें, बस्तर के सभी जिले में स्थित जिला अस्पताल एवं मेडिकल कॉलेज एवं सुपर स्पेशलिस्ट हॉस्पिटल को आधुनिक मशीनों से लेस कर सभी विशेषज्ञ डॉक्टरों, तकनिकी पदों की नियुक्ति के साथ अनुबंधित फर्म से तत्काल प्रारम्भ किये जाने की मांग की गई।





### ये रहे उपस्थित

इस दौरान प्रदेश उपाध्यक्ष टांकेश्वर भारद्वाज, रामनाथ नेगी, उदय भंडारी गुड्डू कोरसा, पी प्रसाद राजू, नरेंद्र देवांगन, नीलांबर भद्रे, कमल बघेल, मेहताब सिंह आकाश जोन, रेमो माकार्मी, राजेश गुप्ता, धनंजय सिंह, निहारिका सिंह, प्रिया यादव, सुरेश नाग सहित पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# समाज के विकास के लिए संगठन और शिक्षा जरूरी : बघेल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बकावंड विकासखंड के ग्राम छोटे देवड़ा में रविवार को साहू समाज के

- छोटे देवड़ा में सामुदायिक भवन का लोकार्पण

नवनिर्मित सामुदायिक भवन का लोकार्पण विधायक लखेश्वर बघेल ने किया।

उन्होंने कहा कि समाज की जागरूकता और शिक्षा ही उसकी वास्तविक शक्ति है। साहू समाज छत्तीसगढ़ के अग्रणी समाजों में से एक है जिसने हर क्षेत्र में अपनी सशक्त पहचान बनाई है। उन्होंने छोटे देवड़ा एवं क्षेत्रवासियों को इस उपलब्धि के लिए बधाई दी।

साहू समाज के जिला अध्यक्ष ने कहा कि समाज के लिए भवन का निर्माण लंबे समय से प्रतीक्षित था। अब इस भवन से सामाजिक, सांस्कृतिक एवं शैक्षणिक गतिविधियों को नई दिशा मिलेगी। उन्होंने विधायक का आभार जताते हुए बताया कि अपने तीन साल के कार्यकाल में बस्तर जिले में दो सामुदायिक भवनों का निर्माण हुआ है एक छोटे देवड़ा में और दूसरा बस्तर तहसील के उमरगांव में निमार्णाधीन है।

उन्होंने कहा कि समाज का उद्देश्य हर तहसील और जिले में भवन निर्माण कर संगठन को मजबूत बनाना है। आने वाले समय में जिला मुख्यालय में भी भवन निर्माण का प्रयास किया जाएगा ताकि समाज के लोगों को ठहरने और आयोजन के लिए सुविधा मिल सके।

### ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम में रोहित साहू,जगत साहू, परशु साहू, कुशल साहू, सुशीला साहू, सियाराम साहू, नंदलाल साहू, भुनेश्वर साहू, भवन साहू, फूलमती साहू, श्याम साहू, हेमलता साहू सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित थे।

# हिंसा छोड़कर मुख्यधारा में लौटने पर परिजन हुए प्रसन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

उपमुख्यमंत्री एवं गृहमंत्री विजय शर्मा ने बीजापुर जिले के प्रवास के दौरान आज पुनर्वास केंद्र पहुंचकर पुनर्वासित युवाओं से आत्मीय भेंट की। उन्होंने उनके दैनिक जीवन, भोजन-पानी, कपड़ों, स्वास्थ्य, मनोरंजन और अन्य बुनियादी सुविधाओं की विस्तृत जानकारी

- प्रत्येक रविवार को परिजन आकर मिल सकेंगे, दिए निर्देश
- उपमुख्यमंत्री ने पुनर्वास केंद्र में रह रहे 92 युवाओं से की भेंट
- बुनियादी सुविधाओं की ली जानकारी, शासन की योजनाओं से जोड़ने दिए निर्देश

ली। वर्तमान में पुनर्वास केंद्र में 92 पुनर्वासित युवा रह रहे हैं। उपमुख्यमंत्री ने बातचीत कर उनकी दिनचर्या, नाश्ता, भोजन, खेलकूद एवं सांस्कृतिक गतिविधियों के बारे में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने कहा कि शासन का उद्देश्य इन युवाओं को मुख्यधारा में जोड़कर समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाना है।



### साक्षरता, कौशल विकास और दस्तावेजी सुविधा पर बल

उपमुख्यमंत्री ने कहा कि सभी युवाओं को शासन की योजनाओं से जोड़ना सरकार की पहली प्राथमिकता है। उन्होंने निर्देश दिए कि प्रत्येक व्यक्ति को आधार कार्ड, राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, वनाधिकार पत्र सहित सभी आवश्यक दस्तावेज आसानी से उपलब्ध कराए जाएं। उन्होंने सभी के लिए साक्षर भारत मिशन उल्लास कार्यक्रम के तहत अक्षर ज्ञान और नियमित साक्षरता परीक्षा में सम्मिलित कराने को कहा। उन्होंने सभी युवाओं उनकी रुचि के अनुसार कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रारंभ करने को कहा। वहीं महिलाओं ने बताया कि वे कपड़ों की सिलाई में रुचि रखते हैं जिस पर उपमुख्यमंत्री ने सभी के लिए सिलाई का प्रशिक्षण प्रारम्भ करने के निर्देश दिए। सभी प्रशिक्षु युवाओं ने एक्सपोजर विजिट की मांग रखी। जिस पर विजय शर्मा ने सहमति देते हुए कहा कि उन्हें रायपुर ले जाकर शासन की विभिन्न विकास गतिविधियों एवं पुनर्वास योजनाओं का प्रत्यक्ष अनुभव कराया जाएगा।

**घर-परिवार और जीवकोपार्जन से जुड़ी चर्चा**

उनके वैवाहिक जीवन, घर-परिवार, कृषि भूमि, वनाधिकार पत्र, सिंचाई सुविधा और अन्य आजीविका साधनों के बारे में भी पूछा। युवाओं ने बताया कि उनके पास कृषि भूमि तथा पट्टा भी उपलब्ध है। इस पर उपमुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी पात्र व्यक्तियों को शासन की सिंचाई योजनाओं, बोर उत्खनन, क्रेडा के माध्यम से सोलर पंप तथा प्राथमिकता के आधार पर गांवों में ग्रिड बिजली की सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं।

### परिवार से नियमित मुलाकात की व्यवस्था

विजय शर्मा ने कहा कि प्रत्येक रविवार को पुनर्वासित युवाओं से उनके परिजन मिलने आ सकें इसके लिए नियमित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि आज रविवार होने के कारण कई परिजनों ने पुनर्वास केंद्र पहुंचकर भेंट की। उपमुख्यमंत्री ने स्वयं भी कई पुनर्वासित युवाओं के परिजनों से मुलाकात की और सभी ने अपने परिवार के सदस्यों के हिंसा छोड़ मुख्यधारा में शामिल होने पर हर्ष व्यक्त किया।

### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर बस्तर संभाग आयुक्त डोमन सिंह, आईजी सुंदरराज पी., कलेक्टर संबित मिश्रा, सीईओ जिला पंचायत नम्रता चौबे, डीएफओ रंगानाथन रामाकृष्णन वाय., उपनिदेशक इन्द्रावती टाइगर रिजर्व संदीप बलगा सहित जिले के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

## लोक सेवाओं की पदोन्नति में 32 प्रतिशत आरक्षण प्रदान करने दिया प्रस्ताव : रूपसिंह



**जगदलपुर।** छत्तीसगढ़ अनुसूचित जनजाति आयोग अध्यक्ष रूप सिंह मंडावी सोमवार को राजभवन में राज्यपाल रमेन डेका से सौजन्य मुलाकात की। उन्होंने छत्तीसगढ़ में लोक सेवाओं की पदोन्नति में 32 प्रतिशत आरक्षण प्रदान करने के संबंध में अनुशंसा प्रस्ताव सौपा । इस दौरान वरिष्ठ नेता शरद अवस्थी, संग्राम सिंह राणा सहित अन्य मौजूद रहे।

- राज्यपाल से मिले जनजाति आयोग अध्यक्ष

## ठेंगड़ी जयंती पर स्वदेशी और आत्मनिर्भर भारत का संदेश



**जगदलपुर।** राष्ट्रऋषि, प्रखर विचारक और भारतीयता के संवाहक दत्तोपंत ठेंगड़ी की जयंती पर स्वदेशी जागरण मंच ने स्थानीय बस्तर चेंबर भवन में आज विशेष कार्यक्रम किया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता संघ के विभाग प्रमुख यज्ञ दत्त रहे। उन्होंने कहा कि ठेंगड़ी ने अपने जीवन में मजदूर, किसान, व्यापारी और युवाओं में राष्ट्र चेतना और सामाजिक समरसता का बीज बोया। वक्ताओं डॉ राम राकेश जांगिड़ संयोजक, स्वदेशी जागरण मंच, मालिना हालदार और अनिल शुक्ला ने उनके विचारों से प्रेरणा लेकर स्वदेशी अभियान को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। मंच संचालन देवेंद्र देवांगन और आभार प्रदर्शन किशोर पारख ने किया। इस अवसर पर स्वदेशी जागरण मंच समेत विभिन्न सामाजिक संगठनों के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

आवश्यकता है
होटल में कार्य करने हेतु आवश्यकता है
रूम अटेंडर- 3 पद
सुपरवाइजर- 1 पद
रिसेप्शनिष्ट- 2 पद
संपर्क- 9826803321
हॉटल पूनम
चांदनी चौक, जगदलपुर

# फिर धरे गए नशे के सौदागर, हजारों रूपए की नशीली केप्सूल बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत नशे के सौदागरों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए बोधघाट पुलिस ने दो आरोपी को गिरफ्तार

- ग्राहक का कर रहे थे इंतजार तभी पुलिस ने दबोचा

किया है। आरोपियों के कब्जे से हजारों रूपए की नशीली केप्सूल बरामद किया गया है।

नशीली केप्सूल बेचे जाने की सूचना पर एसपी शलभ कुमार सिन्हा के निर्देश, एएसपी माहेश्वर नाग के मार्गदर्शन व सीएसपी सुमित कुमार डी धोत्रे के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी बोधघाट लीलाधर राठौर के नेतृत्व में टीम गठित किया गया था। टीम को सूचना मिली थी कि सरगीपाल रोड रेलवे साइडिंग मोड़ के पास दो लडके खड़े होकर अपने पास रखे अवैध प्रतिबंधित नशीली केप्सूल रखकर बिक्री करने के लिए ग्राहक का इंतजार कर रहे है। टीम द्वारा मौके से दो लोगों को हिरासत में लेकर पूछता की गई। पूछताछ में उन्होंने अपना नाम करण यादव 33 वर्ष निवासी अब्दुल कलाम वार्ड तथा कृष्णा केंवट 22 वर्ष निवासी कुम्हारपारा का रहने वाला बताया। दोनों के कब्जे से प्रतिबंधित नशीली केप्सूल 464 नग बरामद किया गया। जब्त केप्सूल की अनुमानित कीमत 17 हजार 4 सौ रूपए आंका गया है। आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर न्यायालय में पेश किया गया जहां से दोनों को न्यायिक रिमाण्ड में जेल भेजा गया। कार्रवाई में निरीक्षक लीलाधर राठौर के अलावा एसआई लोकेश्वर नाग, एएसआई दिनेश उसेंडी, प्रधान आरक्षक अहिलेश नाग, आरक्षक होरीलाल आर्मो, युवराज, थानेन्द्र सिन्हा, विजय तिर्की व अजित सरकार की महत्वपूर्ण भूमिका रही।






